1. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I	सूची II
a. आई.एस.आई. मार्क	i. कीमती धातुओं की शुद्धता
b. हॉलमार्क	ii. विनिर्दिष्ट भारतीय मानकों की अनुरूपता
c. इको मार्क	iii. वातावरण-अनुकूल उत्पाद
d. बी.आई.एस. मानक मार्क	iv. उत्पाद अनुरूपता प्रमाणन

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and choose the correct answer using the code given below the lists :

List I	List II
a. ISI Mark	i. Purity of precious metals
b. Hallmark	ii. Conformity with specified Indian Standards
c. Eco Mark	iii. Environment-friendly products
d. BIS Standard Mark	iv. Product conformity certification

Code :

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(E) None of the above

2. सुधार के बाद की अवधि के दौरान किस समिति ने व्यापक कर सुधार और कर प्रणाली के पुनर्गठन की सिफारिश की थी ?

(A) नरसिंहम समिति

(B) राजा चेलैया समिति

(C) बलवंत राय मेहता समिति

(D) सरकारिया आयोग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which committee recommended comprehensive tax reforms and restructuring of the tax system during the post-reform period ?

(A) Narasimham Committee

(B) Raja Chelliah Committee

(C) Balwant Rai Mehta Committee

(D) Sarkaria Commission

(E) None of the above

3. 2004 में शुरू किया गया कौन-सा रोजगार कार्यक्रम भारत के सबसे पिछड़े जिलों में अतिरिक्त मज़दूरी रोजगार प्रदान करता था ?

(A) सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना

(B) प्रधानमंत्री रोजगार योजना

(C) राष्ट्रीय खाद्य-कार्य (काम के बदले अनाज) कार्यक्रम

(D) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which employment programme, launched in 2004, provided additional wage employment in India's most backward districts ?

(A) Sampoorna Grameen Rozgar Yojana

(B) Prime Minister's Rozgar Yojana

(C) National Food for Work Programme

(D) Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojana

(E) None of the above

4. ई-श्रम पोर्टल का शुभारंभ कब किया गया था ?

(A) 26 अगस्त, 2021

(B) 20 मार्च, 2020

(C) 9 सितंबर, 2023

(D) 28 अक्टूबर, 2024

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The e-Shram Portal was launched on :

(A) 26th August, 2021

(B) 20th March, 2020

(C) 9th September, 2023

(D) 28th October, 2024

(E) None of the above

5. भारतीय अर्थव्यवस्था में 'रेपो रेट" शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) वह ब्याज दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक प्रतिभूतियों के बदले वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक धनराशि उधार देता है

(B) वह ब्याज दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों से अल्पकालिक धनराशि उधार लेता है

(C) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा जनता को दिए जाने वाले ऋण पर ली जाने वाली ब्याज दर

(D) सरकारी छोटी बचत योजनाओं पर दी जाने वाली ब्याज दर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does the term "Repo Rate" refer to in the Indian economy ?

(A) The interest rate at which the Reserve Bank of India lends short-term funds to commercial banks against securities

(B) The interest rate at which the Reserve Bank of India borrows short-term funds from commercial banks

(C) The interest rate charged by commercial banks on loans to the public

(D) The interest rate offered on Government small savings schemes

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (6 से 10) के उत्तर दीजिए :

***Direction** : Study the following table and answer the questions (6 to 10) that follow :*

एक कंपनी के पाँच विभागों में कर्मचारियों की संख्या और प्रति कर्मचारी मासिक वेतन

Number of employees and monthly salary per employee in five departments of a company

विभाग / Department	कर्मचारियों की संख्या / Number of Employees	प्रति कर्मचारी मासिक वेतन (₹) / Monthly Salary per Employee (₹)
एचआर / HR	40	45,000
वित्त / Finance	30	60,000
विपणन / Marketing	50	36,000
प्रशासन / Administration	60	40,000
आईटी / IT	20	75,000

6. कंपनी का सभी पाँच विभागों के मासिक वेतन पर कुल व्यय क्या है ?

(A) ₹ 99,00,000 (B) ₹ 93,00,000

(C) ₹ 97,00,000 (D) ₹ 95,00,000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the total expenditure of the company on monthly salaries across all five departments ?

(A) ₹ 99,00,000 (B) ₹ 93,00,000

(C) ₹ 97,00,000 (D) ₹ 95,00,000

(E) None of the above

7. यदि प्रशासन विभाग के प्रत्येक कर्मचारी का मासिक वेतन ₹ 5,000 बढ़ा दिया जाए, तो सभी पाँचों विभागों पर कंपनी का नया कुल मासिक वेतन व्यय क्या होगा ?

(A) ₹ 98,00,000 (B) ₹ 95,00,000

(C) ₹ 96,00,000 (D) ₹ 97,00,000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the monthly salary of every employee in the Administration department is increased by ₹ 5,000, what will be the new total monthly salary expenditure of the company on all five departments ?

(A) ₹ 98,00,000 (B) ₹ 95,00,000

(C) ₹ 96,00,000 (D) ₹ 97,00,000

(E) None of the above

8. आईटी विभाग पर कंपनी का कुल मासिक वेतन व्यय, सभी पाँचों विभागों पर कंपनी के कुल मासिक वेतन व्यय का कितना अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{15}{31}$

(B) $\frac{8}{31}$

(C) $\frac{3}{31}$

(D) $\frac{5}{31}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The company's total monthly salary expenditure on the IT department is what fraction of the total monthly salary expenditure of the company on all five departments ?

(A) $\frac{15}{31}$

(B) $\frac{8}{31}$

(C) $\frac{3}{31}$

(D) $\frac{5}{31}$

(E) None of the above

9. एचआर, वित्त और विपणन पर संयुक्त रूप से कंपनी का कुल मासिक वेतन व्यय, सभी पाँचों विभागों पर कंपनी के कुल मासिक वेतन व्यय का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{11}{31}$ (B) $\frac{15}{31}$

(C) $\frac{21}{31}$ (D) $\frac{18}{31}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The company's total monthly salary expenditure on HR, Finance and Marketing combined is what fraction of the company's total monthly salary expenditure on all five departments ?

(A) $\frac{11}{31}$ (B) $\frac{15}{31}$

(C) $\frac{21}{31}$ (D) $\frac{18}{31}$

(E) None of the above

10. कंपनी में प्रति कर्मचारी औसत मासिक वेतन कितना है ?

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 48,000

(C) ₹ 45,500 (D) ₹ 44,000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average monthly salary per employee in the company ?

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 48,000

(C) ₹ 45,500 (D) ₹ 44,000

(E) None of the above

11. निम्नलिखित में से कौन-सा ऑक्साइड उभयधर्मी प्रकृति का है ?

(A) Al_2O_3 (B) CaO

(C) Na_2O (D) MgO

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following oxides is amphoteric in nature ?

(A) Al_2O_3 (B) CaO

(C) Na_2O (D) MgO

(E) None of the above

12. एक स्वस्थ वयस्क मानव में सामान्य प्रकुंचन और अनुशिथिलन रक्तदाब कितना होता है ?

(A) 100 mm Hg / 60 mm Hg

(B) 140 mm Hg / 90 mm Hg

(C) 80 mm Hg / 120 mm Hg

(D) 120 mm Hg / 80 mm Hg

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the normal systolic and diastolic blood pressure in a healthy human adult ?

(A) 100 mm Hg / 60 mm Hg

(B) 140 mm Hg / 90 mm Hg

(C) 80 mm Hg / 120 mm Hg

(D) 120 mm Hg / 80 mm Hg

(E) None of the above

13. मानव पाचन तंत्र का कौन-सा भाग अधिकांश पोषक तत्त्वों को अवशोषित करता है ?

(A) बड़ी आँत (B) छोटी आँत

(C) ग्रासनली (D) आमाशय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which part of the human digestive system absorbs most of the nutrients ?

(A) Large intestine (B) Small intestine

(C) Oesophagus (D) Stomach

(E) None of the above

14. चुंबकीय अभिवाह (फ्लक्स) घनत्व का एसआई मात्रक है :

(A) वेबर

(B) टेस्ला

(C) हेनरी

(D) गाउस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The SI unit of magnetic flux density is :

(A) Weber

(B) Tesla

(C) Henry

(D) Gauss

(E) None of the above

15. एक उत्तल लेंस का उपयोग किसके रूप में किया जाता है ?

(A) आवर्धक काँच

(B) रियर-व्यू मिरर (पश्च-दृश्य दर्पण)

(C) समतल दर्पण

(D) पेरिस्कोप (परिदर्शी)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A convex lens is used as a :

(A) Magnifying glass

(B) Rear-view mirror

(C) Plane mirror

(D) Periscope

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (16 से 20) के उत्तर दीजिए :*


Direction : *Study the following pie chart and answer the questions (16 to 20) that follow :*

विश्वविद्यालय में छात्रों के परिवहन साधनों का वितरण

Distribution of transport modes in university students

छात्रों की कुल संख्या = 1200

Total number of students = 1200



16. बस और कार दोनों से आने-जाने वाले छात्रों की कुल संख्या का मोटरसाइकिल और साइकिल दोनों से आने-जाने वाले छात्रों की कुल संख्या से अनुपात क्या है ?

(A) 11 : 17 (B) 17 : 15

(C) 15 : 13 (D) 13 : 11

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the total number of students who commute by both Bus and Car to the total number of students who commute by both Motorcycle and Bicycle ?

(A) 11 : 17 (B) 17 : 15

(C) 15 : 13 (D) 13 : 11

(E) None of the above

17. बस और कार दोनों से विश्वविद्यालय आने-जाने वाले छात्रों की कुल संख्या कितनी है ?

(A) 675 (B) 600

(C) 650 (D) 625

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the total number of students who commute to the university by both Bus and Car ?

(A) 675 (B) 600

(C) 650 (D) 625

(E) None of the above

18. यदि विश्वविद्यालय 300 नए छात्रों को प्रवेश देता है और वे सभी बस से आते-जाते हैं, तो नए छात्रों की कुल संख्या में से कितने प्रतिशत बस से आएँगे-जाएँगे ?

(A) 55·5% (B) 53·3%

(C) 50·0% (D) 45·5%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the university admits 300 new students and all of them commute by Bus, what percentage of the new total student population will commute by Bus ?

(A) 55·5% (B) 53·3%

(C) 50·0% (D) 45·5%

(E) None of the above

19. मोटरसाइकिल और साइकिल दोनों से विश्वविद्यालय आने-जाने वाले छात्रों की संख्या का कितना अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{5}{24}$

(B) $\frac{11}{24}$

(C) $\frac{13}{24}$

(D) $\frac{7}{24}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What fraction of the total number of students commute to the university by both Motorcycle and Bicycle ?

(A) $\frac{5}{24}$

(B) $\frac{11}{24}$

(C) $\frac{13}{24}$

(D) $\frac{7}{24}$

(E) None of the above

20. यदि 50 छात्र जो वर्तमान में कार से आते-जाते हैं, साइकिल से आने-जाने लगें, तो साइकिल वाले सेक्टर को दर्शाने वाला नया केंद्रीय कोण क्या होगा ?

(A) 90°

(B) 100°

(C) 95°

(D) 85°

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 50 students who currently commute by Car switch to Bicycle, what will be the new central angle representing the Bicycle sector ?

(A) 90°

(B) 100°

(C) 95°

(D) 85°

(E) None of the above

21. 72 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, छात्रों की संख्या छात्राओं की संख्या से 8 अधिक है। श्रेया, एक छात्रा, शीर्ष से 19वें स्थान पर है। यदि श्रेया से आगे 11 छात्र हैं, तो उसके पीछे कितनी छात्राएँ हैं ?

(A) 30
(B) 28
(C) 22
(D) 26
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a class of 72 students, the number of boys is 8 more than the number of girls. Shreya, a girl, ranks 19th from the top. If there are 11 boys ahead of Shreya, how many girls are ranked below her ?

(A) 30
(B) 28
(C) 22
(D) 26
(E) None of the above

22. एक दिन में कितनी बार घड़ी की दोनों सुइयाँ एक सरल रेखा बनाती हैं, लेकिन एक-दूसरे की विपरीत दिशा में होती हैं ?

(A) 28
(B) 22
(C) 24
(D) 20
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many times in a day do the hands of a clock form a straight line but point in opposite directions ?

(A) 28
(B) 22
(C) 24
(D) 20
(E) None of the above

23. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'ROSE' को 6821 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CHAIR' को 73456 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'SEARCH' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) 214373
(B) 214673
(C) 214733
(D) 214763
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In a certain code language, if 'ROSE' is coded as 6821 and 'CHAIR' is coded as 73456, then how is 'SEARCH' coded in the same code language ?

(A) 214373
(B) 214673
(C) 214733
(D) 214763
(E) None of the above

24. एक पुरुष का परिचय देते हुए, एक महिला ने कहा, "उसकी बहन की माँ का केवल एक पुत्र है, जो मेरे पिता की इकलौती पुत्री का पति है।" वह महिला उस पुरुष से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) पत्नी
(B) माँ
(C) बहन
(D) पुत्री
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Introducing a man, a woman said, "His sister's mother has only one son who is the husband of my father's only daughter." How is the woman related to the man ?

(A) Wife
(B) Mother
(C) Sister
(D) Daughter
(E) None of the above

25. संख्याओं के उस समूह की पहचान कीजिए जो अन्य तीन से भिन्न है।

(A) 18, 36, 72
(B) 22, 44, 88
(C) 26, 52, 105
(D) 14, 28, 56
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Identify the group of numbers that is different from the other three.

(A) 18, 36, 72
(B) 22, 44, 88
(C) 26, 52, 105
(D) 14, 28, 56
(E) None of the above

26. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक अधिनियम को मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार भी कहा जाता था ?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(B) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

(C) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

(D) भारतीय परिषद अधिनियम, 1919

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following Constitutional Acts was also referred to as the Montagu-Chelmsford Reforms ?

(A) Government of India Act, 1919

(B) Indian Councils Act, 1909

(C) Indian Independence Act, 1947

(D) Indian Councils Act, 1919

(E) None of the above

27. किस ऐतिहासिक घटना के कारण महात्मा गाँधी ने देशव्यापी रॉलेट सत्याग्रह वापस ले लिया ?

(A) काकोरी ट्रेन एक्शन

(B) चौरी-चौरा घटना

(C) मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार

(D) जलियाँवाला बाग हत्याकांड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which historical incident led Mahatma Gandhi to call off the nationwide Rowlatt Satyagraha ?

(A) Kakori Train Action

(B) Chauri-Chaura incident

(C) Montagu-Chelmsford Reforms

(D) Jallianwala Bagh Massacre

(E) None of the above

28. 1916 का लखनऊ समझौता निम्नलिखित में से किन संगठनों के बीच एक ऐतिहासिक राजनीतिक समझौता था ?

(A) अखिल भारतीय मुस्लिम लीग और ब्रिटिश सरकार

(B) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस और हिंदू महासभा

(C) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस और होम रूल लीग

(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Lucknow Pact of 1916 was a landmark political agreement between which of the following organisations ?

(A) All-India Muslim League and British Government

(B) Indian National Congress and Hindu Mahasabha

(C) Indian National Congress and Home Rule League

(D) Indian National Congress and All-India Muslim League

(E) None of the above

29. निम्नलिखित में से कौन 1946 में भारत में आए कैबिनेट मिशन का सदस्य *नहीं* था ?

(A) ए.वी. अलेक्जेंडर

(B) सर स्टैफ़ोर्ड क्रिप्स

(C) लॉर्ड माउंटबेटन

(D) लॉर्ड पैथिक-लॉरेंस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was ***not*** a member of the Cabinet Mission that arrived in India in 1946 ?

(A) A.V. Alexander

(B) Sir Stafford Cripps

(C) Lord Mountbatten

(D) Lord Pethick-Lawrence

(E) None of the above

30. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत से संबंधित घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम दर्शाता है ?

(A) पूर्ण स्वराज ⟶ ग्यारह माँगें ⟶ नमक यात्रा ⟶ इरविन प्रस्ताव

(B) इरविन प्रस्ताव ⟶ ग्यारह माँगें ⟶ पूर्ण स्वराज ⟶ नमक यात्रा

(C) पूर्ण स्वराज ⟶ इरविन प्रस्ताव ⟶ ग्यारह माँगें ⟶ नमक यात्रा

(D) इरविन प्रस्ताव ⟶ पूर्ण स्वराज ⟶ ग्यारह माँगें ⟶ नमक यात्रा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following options represents the correct chronological sequence of events associated with the launch of the Civil Disobedience Movement ?

(A) Purna Swaraj ⟶ Eleven Demands ⟶ Salt March ⟶ Irwin Offer

(B) Irwin Offer ⟶ Eleven Demands ⟶ Purna Swaraj ⟶ Salt March

(C) Purna Swaraj ⟶ Irwin Offer ⟶ Eleven Demands ⟶ Salt March

(D) Irwin Offer ⟶ Purna Swaraj ⟶ Eleven Demands ⟶ Salt March

(E) None of the above

31. जब संविधान में मौलिक कर्तव्यों को शामिल किया गया, तब भारत के/की प्रधानमंत्री कौन थे/थीं ?

(A) मोरारजी देसाई

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) लाल बहादुर शास्त्री

(D) इंदिरा गाँधी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the Prime Minister of India when Fundamental Duties were incorporated into the Constitution ?

(A) Morarji Desai

(B) Jawaharlal Nehru

(C) Lal Bahadur Shastri

(D) Indira Gandhi

(E) None of the above

32. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (तत्त्वों) के तहत राज्य को निम्नलिखित में से कौन-सी नीति लागू करने का निर्देश दिया गया है ?

(A) अस्पृश्यता उन्मूलन

(B) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास

(C) समान नागरिक संहिता लागू करना

(D) अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों का संरक्षण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following policies is the State directed to implement under the Directive Principles of State Policy ?

(A) Abolition of untouchability

(B) Development of scientific temper

(C) Implementation of a Uniform Civil Code

(D) Protection of minority educational institutions

(E) None of the above

33. पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए सीटों का न्यूनतम संवैधानिक आरक्षण कितना है ?

(A) दसवें हिस्से से कम नहीं

(B) आधे हिस्से से कम नहीं

(C) एक-तिहाई हिस्से से कम नहीं

(D) एक-चौथाई हिस्से से कम नहीं

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the minimum constitutional reservation of seats for women in Panchayati Raj Institutions ?

(A) Not less than one-tenth

(B) Not less than one-half

(C) Not less than one-third

(D) Not less than one-fourth

(E) None of the above

34. भारत का संविधान आधिकारिक रूप से संविधान सभा द्वारा कब अंगीकृत किया गया था ?

(A) 26 जनवरी, 1950

(B) 26 नवंबर, 1949

(C) 2 अक्टूबर, 1952

(D) 15 अगस्त, 1947

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Constitution of India was officially adopted by the Constituent Assembly on :

(A) 26th January, 1950

(B) 26th November, 1949

(C) 2nd October, 1952

(D) 15th August, 1947

(E) None of the above

35. 1772 में जिला कलेक्टर का पद किसने शुरू किया था ?

(A) वॉरेन हेस्टिंग्स (B) जॉर्ज रिपन

(C) चार्ल्स कॉर्नवालिस (D) जेम्स डलहौजी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who introduced the office of the District Collector in 1772 ?

(A) Warren Hastings (B) George Ripon

(C) Charles Cornwallis (D) James Dalhousie

(E) None of the above

36. जनवरी 2026 में विमोचित पुस्तक '*सिंग, डांस एण्ड लीड : लीडरशिप लेसन्स फ्रॉम द टीचिंग्स ऑफ श्रील प्रभुपाद*' के लेखक कौन हैं ?

(A) अमीश त्रिपाठी (B) संजीव सान्याल

(C) हिंदोल सेनगुप्ता (D) विक्रम संपथ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who authored the book '*Sing, Dance and Lead : Leadership Lessons from the Teachings of Srila Prabhupada*', released in January 2026 ?

(A) Amish Tripathi (B) Sanjeev Sanyal

(C) Hindol Sengupta (D) Vikram Sampath

(E) None of the above

37. पूरे भारत में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) कब लागू हुई ?

(A) 1 जनवरी, 2025

(B) 1 जनवरी, 2026

(C) 15 अगस्त, 2025

(D) 1 अप्रैल, 2025

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

When did the Unified Pension Scheme (UPS) come into effect across India ?

(A) 1st January, 2025

(B) 1st January, 2026

(C) 15th August, 2025

(D) 1st April, 2025

(E) None of the above

38. विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 अभियान की आधिकारिक वैश्विक थीम क्या थी ?

(A) स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य

(B) हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य

(C) मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार

(D) स्वास्थ्य के लिए एक साथ। विज्ञान के साथ खड़े हों

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What was the official global theme of the World Health Day 2026 campaign ?

(A) Healthy beginnings, hopeful futures

(B) Our planet, our health

(C) My health, my right

(D) Together for health. Stand with science

(E) None of the above

39. जुलाई 2025 में लद्दाख की त्सो कार घाटी में इसरो (ISRO) द्वारा शुभारंभ किए गए एनालॉग मिशन सेटअप का क्या नाम है ?

(A) एचओपीई

(B) अनुगामी

(C) एलएचएएम

(D) गगनयान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the name of the analog mission setup inaugurated by ISRO in Tso Kar Valley, Ladakh, in July 2025 ?

(A) HOPE

(B) Anugami

(C) LHAM

(D) Gaganyaan

(E) None of the above

40. अप्रैल 2026 में, उत्तर प्रदेश के किस पक्षी अभयारण्य को भारत का 99वाँ रामसर स्थल घोषित किया गया था ?

(A) नवाबगंज पक्षी अभयारण्य

(B) समन पक्षी अभयारण्य

(C) सांडी पक्षी अभयारण्य

(D) शेखा झील पक्षी अभयारण्य

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In April 2026, which bird sanctuary in Uttar Pradesh was designated as India's 99th Ramsar site ?

(A) Nawabganj Bird Sanctuary

(B) Saman Bird Sanctuary

(C) Sandi Bird Sanctuary

(D) Shekha Jheel Bird Sanctuary

(E) None of the above

41. जनवरी 2026 में आयोजित 83वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में किस फिल्म ने 'बेस्ट मोशन पिक्चर – ड्रामा' का पुरस्कार जीता ?

(A) हैमनेट

(B) सेंटीमेंटल वैल्यू

(C) वन बैटल आफ्टर अनदर

(D) द सीक्रेट एजेंट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which film won the 'Best Motion Picture – Drama' award at the 83rd Golden Globe Awards held in January 2026 ?

(A) Hamnet

(B) Sentimental Value

(C) One Battle After Another

(D) The Secret Agent

(E) None of the above

42. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे ?

(A) न्यायमूर्ति पतंजलि शास्त्री

(B) न्यायमूर्ति ए.एम. अहमदी

(C) न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू

(D) न्यायमूर्ति हरिलाल जे. कानिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first Chief Justice of the Supreme Court of India ?

(A) Justice Patanjali Sastri

(B) Justice A.M. Ahmadi

(C) Justice H.L. Dattu

(D) Justice Harilal J. Kania

(E) None of the above

43. फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेज़बानी संयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किन तीन देशों ने की थी ?

(A) ब्राजील, अर्जेंटीना और चिली

(B) जर्मनी, फ्रांस और इटली

(C) स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को

(D) कनाडा, कोलम्बिया और संयुक्त राज्य अमेरिका

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The FIFA World Cup 2026 was jointly hosted by which of the following three countries ?

(A) Brazil, Argentina and Chile

(B) Germany, France and Italy

(C) Spain, Portugal and Morocco

(D) Canada, Colombia and the United States

(E) None of the above

44. निम्नलिखित में से किस देश में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक होती है ?

(A) फ्रांस (B) स्विट्ज़रलैंड

(C) बेल्जियम (D) जर्मनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The annual meeting of the World Economic Forum (WEF) takes place in which of the following countries ?

(A) France (B) Switzerland

(C) Belgium (D) Germany

(E) None of the above

45. ब्रिक्स युवा परिषद शिखर सम्मेलन 2026 निम्नलिखित में से किस राज्य में आयोजित किया गया था ?

(A) महाराष्ट्र (B) दिल्ली

(C) गुजरात (D) कर्नाटक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The BRICS Youth Council Summit 2026 was held in which of the following states ?

(A) Maharashtra (B) Delhi

(C) Gujarat (D) Karnataka

(E) None of the above

46. वर्ष 2021 के लिए 53वें दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (जो 2023 में प्रदान किया गया) से किसे सम्मानित किया गया ?

(A) अमिताभ बच्चन

(B) आशा पारेख

(C) रजनीकांत

(D) वहीदा रहमान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was honoured with the 53rd Dadasaheb Phalke Lifetime Achievement Award for the year 2021 (presented in 2023) ?

(A) Amitabh Bachchan

(B) Asha Parekh

(C) Rajinikanth

(D) Waheeda Rehman

(E) None of the above

47. रंगास्वामी कप निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है ?

(A) क्रिकेट (B) फुटबॉल

(C) हॉकी (D) वॉलीबॉल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Rangaswami Cup is associated with which of the following sports ?

(A) Cricket (B) Football

(C) Hockey (D) Volleyball

(E) None of the above

48. यूरोपीय संघ (EU) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) ब्रुसेल्स

(B) जिनेवा

(C) रोम

(D) पेरिस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The European Union (EU) has its headquarters in :

(A) Brussels

(B) Geneva

(C) Rome

(D) Paris

(E) None of the above

49. कौन-सा शहर केंद्र-शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की शीतकालीन राजधानी के रूप में कार्य करता है ?

(A) अनंतनाग

(B) श्रीनगर

(C) बारामूला

(D) जम्मू

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which city serves as the winter capital of the Union Territory of Jammu and Kashmir ?

(A) Anantnag

(B) Srinagar

(C) Baramulla

(D) Jammu

(E) None of the above

50. रानी लक्ष्मीबाई की समाधि निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है ?

(A) शिवपुरी (B) झाँसी

(C) ग्वालियर (D) कानपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Samadhi of Rani Lakshmibai is located in which of the following cities ?

(A) Shivpuri (B) Jhansi

(C) Gwalior (D) Kanpur

(E) None of the above

51. यक्षगान, जो रंगमंच एवं नृत्य-नाटक का एक पारंपरिक रूप है, निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है ?

(A) आंध्र प्रदेश (B) कर्नाटक

(C) तमिलनाडु (D) केरल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Yakshagana, a traditional theatre and dance-drama form, is associated with which of the following states ?

(A) Andhra Pradesh (B) Karnataka

(C) Tamil Nadu (D) Kerala

(E) None of the above

52. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस – 8 मार्च

(B) विश्व पर्यटन दिवस – 24 सितंबर

(C) विश्व मधुमेह दिवस – 14 नवंबर

(D) विश्व वन्यजीव दिवस – 3 मार्च

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

(A) International Women's Day – March 8

(B) World Tourism Day – September 24

(C) World Diabetes Day – November 14

(D) World Wildlife Day – March 3

(E) None of the above

53. बंकिम चंद्र चटर्जी के किस उपन्यास में ऐतिहासिक गीत "वंदे मातरम" शामिल है ?

(A) *देवी चौधरानी* (B) *आनंदमठ*

(C) *कपालकुण्डला* (D) *विषवृक्ष*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which novel by Bankim Chandra Chatterjee features the historic song "Vande Mataram" ?

(A) *Devi Chaudhurani* (B) *Anandamath*

(C) *Kapalkundala* (D) *Bishabriksha*

(E) None of the above

54. निम्नलिखित में से किसे "लोकसभा का जनक" कहा जाता है ?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) बलराम जाखड़

(C) गणेश वासुदेव मावलंकर

(D) नीलम संजीव रेड्डी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following is known as the "Father of the Lok Sabha" ?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Balram Jakhar

(C) Ganesh Vasudev Mavalankar

(D) Neelam Sanjiva Reddy

(E) None of the above

55. भारत का कौन-सा पड़ोसी देश "लैंड ऑफ़ द थंडर ड्रैगन" के नाम से जाना जाता है ?

(A) नेपाल (B) म्यांमार

(C) बांग्लादेश (D) भूटान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which neighbouring country of India is known as the "Land of the Thunder Dragon" ?

(A) Nepal (B) Myanmar

(C) Bangladesh (D) Bhutan

(E) None of the above

निर्देश : निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (56 से 60) के उत्तर दीजिए :

***Direction :** Study the following table and answer the questions (56 to 60) that follow :*

एक वर्ष में छह बैंक शाखाओं (A, B, C, D, E और F) द्वारा प्राप्त व स्वीकृत आवेदनों की संख्या

Number of applications received and approved by six bank branches (A, B, C, D, E and F) in a year

शाखा / Branch	आवेदनों की संख्या / Number of Applications	
	प्राप्त / Received	स्वीकृत / Approved
A	480	360
B	600	480
C	720	540
D	800	640
E	900	720
F	1000	750

56. शाखाओं A, C और F द्वारा अस्वीकृत आवेदनों की संयुक्त संख्या, इन्हीं शाखाओं द्वारा प्राप्त कुल आवेदनों का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{4}{5}$ (B) $\frac{1}{4}$

(C) $\frac{3}{4}$ (D) $\frac{2}{5}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined number of applications not approved by Branches A, C and F constitutes what fraction of the total applications received by these branches ?

(A) $\frac{4}{5}$ (B) $\frac{1}{4}$

(C) $\frac{3}{4}$ (D) $\frac{2}{5}$

(E) None of the above

57. यदि शाखा C में 60 अतिरिक्त आवेदन स्वीकृत हो जाते हैं, जबकि प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो शाखा C में स्वीकृत और अस्वीकृत आवेदनों का संशोधित अनुपात क्या होगा ?

(A) 6 : 1

(B) 7 : 1

(C) 4 : 1

(D) 5 : 1

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 60 additional applications at Branch C are approved, while total applications received remain unchanged, what is the revised ratio of approved to unapproved applications at Branch C ?

(A) 6 : 1

(B) 7 : 1

(C) 4 : 1

(D) 5 : 1

(E) None of the above

58. शाखाओं A, C और F द्वारा स्वीकृत आवेदनों की औसत संख्या का शाखाओं A, B और C द्वारा प्राप्त आवेदनों की औसत संख्या से अनुपात क्या है ?

(A) 14 : 15

(B) 11 : 12

(C) 13 : 14

(D) 12 : 13

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the average number of applications approved by Branches A, C and F to the average number of applications received by Branches A, B and C ?

(A) 14 : 15

(B) 11 : 12

(C) 13 : 14

(D) 12 : 13

(E) None of the above

59. यदि शाखा C में स्वीकृत आवेदनों की संख्या में एक-छठे भाग की वृद्धि होती है और शाखा E में स्वीकृत आवेदनों की संख्या में एक-छठे भाग की कमी होती है, जबकि प्राप्त आवेदनों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो शाखा C में संशोधित अस्वीकृत आवेदनों का शाखा E में संशोधित अस्वीकृत आवेदनों से अनुपात क्या है ?

(A) 1 : 4

(B) 3 : 10

(C) 6 : 7

(D) 2 : 5

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If approved applications at Branch C increase by one-sixth, and those at Branch E decrease by one-sixth, while applications received remain unchanged, what is the ratio of the revised unapproved applications at Branch C to those at Branch E ?

(A) 1 : 4

(B) 3 : 10

(C) 6 : 7

(D) 2 : 5

(E) None of the above

60. शाखाओं B और E द्वारा स्वीकृत आवेदनों की संयुक्त संख्या, इन्हीं शाखाओं द्वारा प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(A) 85%

(B) 80%

(C) 75%

(D) 70%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined number of applications approved by Branches B and E is what percentage of the total number of applications received by these branches ?

(A) 85%

(B) 80%

(C) 75%

(D) 70%


(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (61 से 65) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following bar graph and answer the questions (61 to 65) that follow :*

पाँच स्टोरों (P, Q, R, S और T) द्वारा बेची गई इकाइयाँ और लौटाई गई इकाइयाँ

Units sold and Units returned by Five Stores (P, Q, R, S and T)



नोट :

(शुद्ध प्रतिधारित इकाइयाँ = बेची गई इकाइयाँ – लौटाई गई इकाइयाँ)

Note :

(Net retained units = Units sold – Units returned)

61. स्टोरों P और Q द्वारा बेची गई इकाइयों की कुल संख्या का स्टोर T द्वारा बेची गई इकाइयों की संख्या से अनुपात क्या है ?

(A) 9 : 8 (B) 6 : 5

(C) 7 : 6 (D) 8 : 7

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the total number of units sold by Stores P and Q to the number of units sold by Store T ?

(A) 9 : 8 (B) 6 : 5

(C) 7 : 6 (D) 8 : 7

(E) None of the above

62. यदि बेची गई 60 इकाइयाँ स्टोर T से स्टोर P में स्थानांतरित की जाती हैं, जबकि प्रत्येक स्टोर पर लौटाई गई इकाइयों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो स्टोर P और स्टोर T की संशोधित शुद्ध प्रतिधारित इकाइयों का अनुपात क्या है ?

(A) 4 : 5

(B) 2 : 3

(C) 1 : 2

(D) 3 : 4

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If 60 units sold are transferred from Store T to Store P, while the number of returned units at every store remains unchanged, what is the ratio of revised net retained units of Store P to Store T ?

(A) 4 : 5

(B) 2 : 3

(C) 1 : 2

(D) 3 : 4

(E) None of the above

63. यदि स्टोर S पर लौटाई गई इकाइयों की संख्या में 50% की कमी की जाती है, जबकि बेची गई इकाइयों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो स्टोर S की शुद्ध प्रतिधारित इकाइयों में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी ?

(A) 12·50%

(B) 15·35%

(C) 20·55%

(D) 10·33%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the number of returned units at Store S decreases by 50%, while the number of units sold remains unchanged, by what percentage will Store S's net retained units increase ?

(A) 12·50%

(B) 15·35%

(C) 20·55%

(D) 10·33%

(E) None of the above

64. किस स्टोर में बेची गई इकाइयों की तुलना में लौटाई गई इकाइयों का प्रतिशत सबसे अधिक है ?

(A) स्टोर T

(B) स्टोर S

(C) स्टोर R

(D) स्टोर Q

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which store has the highest percentage of returned units relative to its units sold ?

(A) Store T

(B) Store S

(C) Store R

(D) Store Q

(E) None of the above

65. स्टोरों R और S के लिए कुल शुद्ध प्रतिधारित इकाइयाँ कितनी हैं ?

(A) 900

(B) 960

(C) 870

(D) 930

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What are the total net retained units for Stores R and S ?

(A) 900

(B) 960

(C) 870

(D) 930

(E) None of the above

66. निम्नलिखित में से किस भिन्न का व्युत्क्रम एक उचित भिन्न है ?

(A) $\frac{9}{7}$ (B) $\frac{2}{7}$

(C) $\frac{5}{8}$ (D) $\frac{2}{5}$

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following fractions has a reciprocal that is a proper fraction ?

(A) $\frac{9}{7}$ (B) $\frac{2}{7}$

(C) $\frac{5}{8}$ (D) $\frac{2}{5}$

(E) None of the above

67. $\sqrt{2{\cdot}25} + \sqrt{0{\cdot}0064} + \sqrt{2{\cdot}89} + 1$ बराबर है :

(A) 4·28 (B) 3·56

(C) 4·56 (D) 3·28

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

$\sqrt{2{\cdot}25} + \sqrt{0{\cdot}0064} + \sqrt{2{\cdot}89} + 1$ is equal to :

(A) 4·28 (B) 3·56

(C) 4·56 (D) 3·28

(E) None of the above

68. प्रथम 8 संख्याओं का औसत 42 है । प्रथम 4 संख्याओं का औसत 40 है, और अगली 3 संख्याओं का औसत 44 है । 8वीं संख्या क्या है ?

(A) 42 (B) 46

(C) 40 (D) 44

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The average of the first 8 numbers is 42. The average of the first 4 numbers is 40, and the average of the next 3 numbers is 44. What is the 8th number ?

(A) 42 (B) 46

(C) 40 (D) 44

(E) None of the above

69. यदि $x^3 = \frac{9^3 \times 6^3}{8}$, $x > 0$ है, तो x का मान क्या है ?

(A) 54 (B) 27

(C) 18 (D) 81

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $x^3 = \frac{9^3 \times 6^3}{8}$, $x > 0$, then what is the value of x ?

(A) 54 (B) 27

(C) 18 (D) 81

(E) None of the above

70. एक फुटबॉल टीम ने 10 मैच जीते । यदि उनकी जीत का प्रतिशत 40% था, तो कुल खेले गए मैचों की संख्या थी :

(A) 20 (B) 25

(C) 30 (D) 15

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A football team won 10 matches. If their winning percentage was 40%, then the total number of matches played was :

(A) 20 (B) 25

(C) 30 (D) 15

(E) None of the above

71. हीराकुड बाँध निम्नलिखित में से किस नदी पर बना है ?

(A) कावेरी

(B) गोदावरी

(C) महानदी

(D) कृष्णा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Hirakud Dam is built across which of the following rivers ?

(A) Kaveri

(B) Godavari

(C) Mahanadi

(D) Krishna

(E) None of the above

72. पश्चिमी यूरोप की सबसे ऊँची चोटी, मोंट ब्लांक, निम्नलिखित में से किस पर्वत शृंखला में स्थित है ?

(A) कार्पेथियन्स

(B) आल्प्स

(C) पाइरेनीज़

(D) एपेनाइन्स

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Mont Blanc, the highest peak in Western Europe, is located in which of the following mountain ranges ?

(A) Carpathians

(B) Alps

(C) Pyrenees

(D) Apennines

(E) None of the above

73. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा जीवमंडल रिज़र्व गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा के मैंग्रोव पारिस्थितिक-तंत्र की सुरक्षा करता है और इसमें यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल भी शामिल है ?

(A) सुंदरबन जीवमंडल रिज़र्व

(B) नीलगिरि जीवमंडल रिज़र्व

(C) मन्नार की खाड़ी जीवमंडल रिज़र्व

(D) नंदा देवी जीवमंडल रिज़र्व

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following biosphere reserves in India protects the mangrove ecosystem of the Ganga-Brahmaputra delta and includes a UNESCO World Heritage Site ?

(A) Sundarbans Biosphere Reserve

(B) Nilgiri Biosphere Reserve

(C) Gulf of Mannar Biosphere Reserve

(D) Nanda Devi Biosphere Reserve

(E) None of the above

74. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप से अक्षांश की तीनों मुख्य रेखाएँ – भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा – गुज़रती हैं ?

(A) दक्षिणी अमेरिका

(B) एशिया

(C) उत्तरी अमेरिका

(D) ऑस्ट्रेलिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Through which of the following continents do all three major lines of latitude – the Equator, the Tropic of Cancer and the Tropic of Capricorn – pass ?

(A) South America

(B) Asia

(C) North America

(D) Australia

(E) None of the above

75. भूमध्यरेखीय निम्न-वायुदाब पेटी को इस नाम से भी जाना जाता है :

(A) गरजता चालीसा (अक्षांश)

(B) डोलड्रम

(C) व्यापारिक पवन क्षेत्र

(D) हॉर्स (अश्व) अक्षांश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The equatorial low-pressure belt is also known as :

(A) Roaring Forties

(B) Doldrums

(C) Trade Wind Zone

(D) Horse Latitudes

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (76 से 80) के उत्तर दीजिए :*

चिपको आंदोलन भारत के पर्यावरण संरक्षण का एक ऐतिहासिक और अत्यंत प्रभावशाली आंदोलन था, जिसकी शुरुआत 1970 के दशक में उत्तराखंड (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) के चमोली जिले से हुई थी। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य वनों की अंधाधुंध कटाई को रोकना और स्थानीय पारिस्थितिकी का संरक्षण करना था। 'चिपको' शब्द का व्यावहारिक अर्थ है पेड़ों से चिपक जाना। जब भी ठेकेदार वृक्षों को काटने आते, तब स्थानीय लोग — विशेषकर महिलाएँ — पेड़ों को अपने आलिंगन में ले लेती थीं ताकि उन्हें कटने से बचाया जा सके।

इस आंदोलन की पृष्ठभूमि में 'दशोली ग्राम स्वराज्य संघ' और चंडी प्रसाद भट्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। सन 1974 में रेणी गाँव में गौरा देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने वृक्षों की रक्षा के लिए जो अदम्य साहस दिखाया, उसने इस आंदोलन को एक नई दिशा और व्यापक पहचान दी। तत्पश्चात सुंदरलाल बहुगुणा जैसे मूर्धन्य पर्यावरणविदों ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उनका प्रसिद्ध नारा था — "क्या हैं जंगल के उपकार, मिट्टी, पानी और बयार; मिट्टी, पानी और बयार, जीने के हैं आधार।"

चिपको आंदोलन केवल वृक्षों की भौतिक रक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के वन अधिकारों, पर्यावरण चेतना और नारी शक्ति के अभ्युदय का प्रतीक भी था। इस आंदोलन ने नीति-निर्माताओं को अपनी वन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया, जिसके परिणामस्वरूप 1980 में केंद्र सरकार ने हिमालयी क्षेत्रों में व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए 15 वर्षों तक वृक्षों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। चिपको आंदोलन ने वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिकी और अहिंसक विरोध के संगम का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसने आगे चलकर अप्पिको आंदोलन जैसे कई पर्यावरण आंदोलनों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

76. सुंदरलाल बहुगुणा द्वारा दिए गए प्रसिद्ध नारे के अनुसार जंगल के मुख्य 'उपकार' क्या हैं ?

(A) राजस्व, पर्यटन और रोज़गार

(B) मिट्टी, पानी और बयार

(C) वर्षा, बाढ़ और भूमि कटाव

(D) लकड़ी, फल और औषधियाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. चिपको आंदोलन में 'चिपको' का व्यावहारिक अर्थ क्या था ?

(A) पेड़ों पर चढ़कर प्रदर्शन करना

(B) पेड़ों से चिपक जाना

(C) पेड़ों की कटाई करना

(D) पेड़ों की पूजा करना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. चिपको आंदोलन की वैचारिक पृष्ठभूमि तैयार करने वाले संगठन 'दशोली ग्राम स्वराज्य संघ' की स्थापना में किसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ?

(A) सुंदरलाल बहुगुणा (B) चंडी प्रसाद भट्ट

(C) रामचंद्र गुहा (D) बाबा आमटे

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. सन 1974 में रेणी गाँव में वृक्षों को कटने से बचाने के लिए महिलाओं का नेतृत्व किसने किया था ?

(A) मेधा पाटकर (B) वंदना शिवा

(C) अमृता देवी बिश्नोई (D) गौरा देवी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. चिपको आंदोलन के प्रत्यक्ष प्रभाव के रूप में केंद्र सरकार ने 1980 में क्या नीतिगत निर्णय लिया ?

(A) स्थानीय निवासियों के वनों में प्रवेश पर रोक लगाई गई

(B) हिमालयी क्षेत्रों में 15 वर्षों के लिए व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगा दिया

(C) वनों का पूरी तरह से निजीकरण कर दिया गया

(D) सभी जंगलों को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (81 से 85) के उत्तर दीजिए :*

आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। मानव सभ्यता के विकास में विज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी का योगदान अतुलनीय रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति और जीवन को सुगम बनाने के लिए निरंतर नए आविष्कार किए हैं। संचार, चिकित्सा, परिवहन, शिक्षा और कृषि जैसे प्रत्येक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं।

इंटरनेट और सूचना प्रौद्योगिकी ने संपूर्ण विश्व को एक 'वैश्विक गाँव' (ग्लोबल विलेज) में बदल दिया है। आज केवल एक क्लिक से दूर-दराज बैठे व्यक्ति से संपर्क साधा जा सकता है, जानकारी प्राप्त की जा सकती है और व्यापारिक लेन-देन किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), रोबोटिक्स और अंतरिक्ष विज्ञान में हुई प्रगति ने मानव की क्षमताओं को नए आयाम दिए हैं। भारत ने भी इसरो (ISRO) के माध्यम से अंतरिक्ष अनुसंधान में दुनिया भर में अपनी धाक जमाई है।

चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, जैसे कि लेजर सर्जरी, जीन एडिटिंग और उन्नत जीवन रक्षक प्रणालियों ने असाध्य रोगों के इलाज को संभव बनाया है, जिससे मानव की औसत जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) में वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, कृषि क्षेत्र में आधुनिक मशीनों, उन्नत बीजों और ड्रिप सिंचाई प्रणाली के प्रयोग से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

तथापि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग के कुछ नकारात्मक पहलू भी उभरकर सामने आए हैं। पर्यावरण प्रदूषण, साइबर अपराध, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और मानवीय संवेदनाओं में कमी जैसी समस्याएँ गंभीर चिंता का विषय हैं। रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के कारण रोज़गार के पारंपरिक अवसरों पर भी संकट मँडरा रहा है।

अंततः, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह हैं। इनका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि हम इनका उपयोग किस प्रकार करते हैं। यदि हम नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए प्रौद्योगिकी का सकारात्मक उपयोग करें, तो यह मानव कल्याण और सतत विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगी।

81. चिकित्सा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से मुख्य रूप से क्या लाभ हुआ है ?

(A) चिकित्सा का खर्च पूरी तरह समाप्त हो गया है

(B) मानव की औसत जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है

(C) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हुआ है

(D) केवल पारंपरिक औषधियों का प्रयोग बढ़ा है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के कारण किस पर संकट मँडरा रहा है ?

(A) रोज़गार के पारंपरिक अवसरों पर

(B) कृषि उत्पादन पर

(C) संचार की गति पर

(D) चिकित्सा अनुसंधान पर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. गद्यांश के अनुसार मानव सभ्यता के विकास में किसका योगदान अतुलनीय है ?

(A) कृषि और पशुपालन

(B) विज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी

(C) व्यापार और वाणिज्य

(D) श्रम और रोज़गार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. मानव कल्याण के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम लाभ उठाने के लिए क्या आवश्यक है ?

(A) पुरानी सभी पद्धतियों को पूरी तरह समाप्त करना

(B) नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संतुलन का ध्यान रखना

(C) केवल आर्थिक लाभ पर ध्यान केंद्रित करना

(D) केवल मशीनीकरण को बढ़ावा देना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. लेखक ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की तुलना किससे की है ?

(A) एक वरदान से

(B) एक स्थायी समस्या से

(C) एक जादुई छड़ी से

(D) एक दोधारी तलवार से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. विलोम शब्द के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित *नहीं* है ?

(A) तनय – तनुज (B) क्षणिक – शाश्वत

(C) प्रशंसा – निंदा (D) जीवन – मरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. 'वह जिसका वध न किया जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) अप्रहत (B) अवध्य

(C) हन्य (D) अवेध

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?

(A) कुमुदीनि

(B) कुमुदनि

(C) कुमुदिनी

(D) कुमुदनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. नदी में पानी अधिक बह रहा है । वाक्य में रेखांकित शब्द किस प्रकार का क्रिया-विशेषण है ?

(A) स्थानवाचक (B) परिमाणवाचक
(C) कालवाचक (D) रीतिवाचक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. 'स्वस्ति' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(A) सु + वस्ति (B) स्व + स्ति
(C) स्व + अस्ति (D) सु + अस्ति
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Direction : *Read the following passage carefully and answer the questions (91 and 92) that follow :*

Antarctica is a continent of stunning contradictions. To look at photographs of its towering blue icebergs and playful penguins, one might think it is a peaceful winter wonderland. However, to actually stand on its surface is to face the most hostile climate on the planet. In this frozen land, breathtaking beauty and deadly cold exist in perfect balance. While it holds most of the world's fresh water in its beautiful glaciers, its freezing winds and blinding snowstorms can kill an unprotected human in minutes. Unlike the Arctic, which has native populations who have adapted to the cold, Antarctica has no permanent human residents. It is a pristine wilderness that tolerates visitors but refuses to be conquered.

91. What is a major difference between Antarctica and the Arctic mentioned in the passage ?

(A) Antarctica has no permanent human residents, whereas the Arctic has native populations.
(B) Antarctica has no icebergs, whereas the Arctic has icebergs.
(C) Antarctica does not have any fresh water, whereas the Arctic has abundant fresh water
(D) Antarctica has no snowstorms, unlike the Arctic.
(E) None of the above

92. The word "hostile" as used in the passage most nearly means :

(A) Extremely harsh and dangerous
(B) Remote and sparsely inhabited
(C) Unstable and unpredictable
(D) Unfamiliar and remote
(E) None of the above

93. Choose the correct option to fill in the blank.
_____ of the two boys is taller ?

(A) What (B) Who
(C) Whom (D) Which
(E) None of the above

94. Choose the word that is opposite in meaning to "MITIGATE".

(A) Diminish (B) Aggravate
(C) Alleviate (D) Reduce
(E) None of the above

95. Choose the correct plural noun form of the compound word to complete the sentence.
My two _____ are coming over to help me move the furniture.

(A) brothers-in-laws (B) brother-in-law
(C) brother-in-laws (D) brothers-in-law
(E) None of the above

96. मध्य भारत में चमड़ा कारीगरों की सामाजिक प्रस्थिति में सुधार के लिए सतनामी आंदोलन की स्थापना किसने की ?

(A) नारायण गुरु
(B) स्वामी दयानंद सरस्वती
(C) घासीदास
(D) ज्योतिबा फुले
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who founded the Satnami Movement in Central India to improve the social status of leather workers ?

(A) Narayana Guru
(B) Swami Dayanand Saraswati
(C) Ghasidas
(D) Jyotiba Phule
(E) None of the above

97. 1017 ईस्वी में, सुल्तान महमूद द्वारा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की सैन्य विजय के बाद विद्वान अल-बिरूनी को गज़नी लाया गया था ?

(A) सिंध

(B) ख़्वारिज़्म

(C) पंजाब

(D) मुल्तान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In 1017 CE, the scholar Al-Biruni was brought to Ghazni by Sultan Mahmud following his military conquest of which region ?

(A) Sindh

(B) Khwarizm

(C) Punjab

(D) Multan

(E) None of the above

98. चौहानों से ठीक पहले दिल्ली पर किस राजपूत राजवंश का शासन था ?

(A) चालुक्य

(B) चंदेल

(C) तोमर

(D) परमार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Rajput dynasty ruled Delhi immediately before the Chauhans ?

(A) Chalukyas

(B) Chandelas

(C) Tomaras

(D) Paramaras

(E) None of the above

99. *प्रयाग प्रशस्ति* में, किस गुप्त शासक की तुलना कुबेर, वरुण, इंद्र और यम जैसे देवताओं से की गई है ?

(A) चंद्रगुप्त प्रथम

(B) स्कंदगुप्त

(C) समुद्रगुप्त

(D) चंद्रगुप्त द्वितीय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In the *Prayag Prashasti*, which Gupta ruler is compared with the deities Kubera, Varuna, Indra and Yama ?

(A) Chandragupta I

(B) Skandagupta

(C) Samudragupta

(D) Chandragupta II

(E) None of the above

100. बौद्ध संघ में भिक्षुणी के रूप में दीक्षित होने वाली पहली महिला कौन थीं ?

(A) खेमा

(B) उप्पलावन्ना

(C) धम्मदिन्ना

(D) महापजापति गौतमी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was the first woman to be ordained as a Bhikkhuni in the Buddhist Sangha ?

(A) Khema

(B) Uppalavanna

(C) Dhammadinna

(D) Mahapajapati Gotami

(E) None of the above